**SET-1**

**Series GBM**

कोड नं.
Code No. **64/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं तथा **2** पृष्ठ मानचित्रों के हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **22** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages and **2** pages of maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **22** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल **22** प्रश्न हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iii) प्रश्न संख्या **1** से **7** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iv) प्रश्न संख्या **8** से **13** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । इनमें से एक प्रश्न मूल्य आधारित प्रश्न है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80 – 100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या **14** से **20** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या **21** और **22** मानचित्रों पर पहचान अथवा स्थानीकरण तथा भूगोलीय विशेषताओं से संबंधित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है ।

(vii) आपको दिए गए **विश्व** तथा **भारत** के रेखा–मानचित्रों को उत्तर–पुस्तिका से संलग्न अवश्य करें ।

(viii) रेखा-मानचित्रों के रेखांकन के लिए **स्टेन्सिल** या **टेम्पलेट्स** के उपयोग की अनुमति दी जाती है ।

**General Instructions :**

*(i)* There are **22** questions in all.

*(ii)* **All** questions are compulsory.

*(iii)* Question numbers **1** to **7** are very short-answer questions carrying **1** mark each. Answer to each of these questions should not exceed **40** words.

*(iv)* Question numbers **8** to **13** are short-answer questions carrying **3** marks each. Out of which one question is a value based question. Answer to each of these questions should not exceed **80 – 100** words.

*(v)* Question numbers **14** to **20** are long-answer questions carrying **5** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **150** words.

*(vi)* Question numbers **21** and **22** are related to identification or locating and labelling of geographical features on maps, carrying **5** marks each.

*(vii)* Outline maps of the **World** and **India** provided to you must be attached within your answer-book.

*(viii)* Use of **templates** or **stencils** for drawing outline maps is allowed.

1. खनन कार्य की लाभप्रदता को प्रभावित करने वाले कारकों के दो समूहों का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

State the two groups of factors which affect the profitability of mining.

2. संसार के किस देश में सड़कों का घनत्व सबसे अधिक है ? *1*

Which country of the world has the highest road density ?

3. भारत के किन्हीं दो गैरिज़न (छावनी) नगरों के नाम लिखिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

Name any two garrison (cantonment) towns of India.

4. पश्चिम एशिया में रेल सुविधाओं का सबसे कम विकास क्यों हुआ है ? एक कारण स्पष्ट कीजिए । *1*

Why is West Asia the least developed in rail facilities ? Explain one reason.

5. 'इंदिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र' में उभरी दोहरी पर्यावरणीय समस्याओं की परख कीजिए । *1*

Examine the twin environmental problems that have emerged in the 'Indira Gandhi Canal Command Area'.


6. रासायनिक एवं भौतिक गुणधर्मों के आधार पर खनिजों का वर्गीकरण कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

Classify minerals on the basis of chemical and physical properties.

7. आप अपने क्षेत्र में जल की गुणवत्ता को सुधारने में किस प्रकार मदद कर सकते हैं ? *1*

How can you help in improving the quality of water in your locality ?


**8.** नीचे दिए गए मानचित्र का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+2=3*




(8.1) मानचित्र में दिखाई गई नहर की पहचान कीजिए और उसका नाम लिखिए ।

(8.2) इस नहर की कोई चार विशेषताएँ लिखिए ।

Study the map given below carefully and answer the questions that follow :




(8.1) Identify and name the canal shown in the map.

(8.2) Write any four characteristics of this canal.

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर है :*

***Note :*** *The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 8 :*


कौन-सी नहर दो महासागरों को जोड़ती है ? इस नहर की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *1+2=3*

Which canal connects two oceans ? Write any four characteristics of that canal.

**9.** संसार में शृंखला भंडारों की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *3×1=3*

Describe any three characteristics of chain stores in the world.

**10.** नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×1=3*





(10.1) ऊपर दिए गए इस्पात संयंत्र की पहचान कीजिए और उसका नाम लिखिए । यह संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(10.2) इस इस्पात संयंत्र के लिए शक्ति का मुख्य स्रोत क्या है ? इस संयंत्र को कौन-सा रेलमार्ग परिवहन की सुविधा प्रदान करता है ?

(10.3) इस इस्पात संयंत्र के लिए लौह-अयस्क तथा जल के मुख्य स्रोत कौन-से हैं ?

Study the diagram given below and answer the questions that follow :




(10.1) Identify and name the steel plant given above. In which State is this plant located ?

(10.2) Which is the main source of power for this steel plant ? Which rail route provides transport facilities to this plant ?

(10.3) What are the major sources of iron-ore and water for this steel plant ?

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए, प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर है :*

**Note :** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 10 :*

जमशेदपुर में टाटा लोहा और इस्पात उद्योग की स्थापना के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन प्रमुख कारकों की व्याख्या कीजिए । *3×1=3*

Explain any three major factors responsible for the establishment of Tata Iron and Steel industry in Jamshedpur.

**11.** “किसको ग्राम कहें एवं किसको नगर, इस पर कोई एक मत नहीं है ।” विभिन्न मापदण्डों का प्रयोग करते हुए इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *3*

“There is no consensus on what exactly defines a village or a town.” Analyse the statement by using different criteria.

**12.** “प्रकृति अवसर प्रदान करती है और मानव उनका उपयोग करते हैं तथा धीरे-धीरे प्रकृति का मानवीकरण हो जाता है तथा प्रकृति पर मानव प्रयासों की छाप पड़ने लगती है ।” इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *3*

“Nature provides opportunities and humans make use of these and slowly nature gets humanised and starts bearing the imprints of human endeavour.” Justify the statement.

**13.** “भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या और औद्योगिक विस्तार के द्वारा जल के अंधाधुंध उपयोग ने जल की गुणवत्ता को बहुत घटाया है ।” जल की गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद कर सकने वाले मूल्यों की व्याख्या कीजिए । *3*

“Indiscriminate use of water by increasing population and industrial expansion has led to degradation of the water quality considerably in India.” Explain the values that can help in maintaining the quality of water.

**14.** भारत की नई औद्योगिक नीति, 1991 के किन्हीं चार मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए । इन उद्देश्यों की प्राप्ति में वैश्वीकरण की भूमिका का वर्णन कीजिए । *2+3=5*

Mention any four major objectives of the New Industrial Policy, 1991 of India. Describe the role of globalisation in achieving these objectives.

**15.** “किसी प्रदेश के आकार और उसकी प्रति व्यक्ति आय का मानव विकास से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है ।” उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए । *5*

“The size of a territory and per capita income are not directly related to human development.” Support the statement with examples.

**16.** प्रवास किस प्रकार किसी क्षेत्र पर अवसरों के असमान वितरण का प्रत्युत्तर है ? भारत में प्रवास के आर्थिक परिणामों की व्याख्या कीजिए । *2+3=5*

How is migration a response to the uneven distribution of opportunities over a space ? Explain the economic consequences of migration in India.

**17.** “आधुनिक समय में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार विश्व अर्थव्यवस्था का आधार है ।” उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए । *5×1=5*

“In modern times international trade is the basis of the world economy.” Support the statement with examples.

**18.** भारतीय कृषि की समस्याओं के समाधान के लिए किए गए किन्हीं पाँच उपायों की समीक्षा कीजिए । *5×1=5*

Review any five measures adopted to solve the problems of Indian agriculture.

**19.** विश्व में प्रचलित गहन निर्वाह कृषि को दो वर्गों में वर्गीकृत कीजिए । वे एक-दूसरे से किस प्रकार भिन्न हैं ? स्पष्ट कीजिए । *1+4=5*

Classify intensive subsistence agriculture into two categories practised in the world. How are they different from each other ? Explain.

**20.** मापदण्ड और गुणवत्ता के आधार पर संचार के साधनों को दो वर्गों में वर्गीकृत कीजिए । प्रत्येक वर्ग की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *1+4=5*

Classify means of communication on the basis of scale and quality into two categories. Explain any two characteristics of each category.

**21.** **संसार** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 13 पर), में दिखाए गए पाँच भौगोलिक लक्षणों A, B, C, D और E की पहचान कीजिए और उनके सही नाम निम्नलिखित जानकारी की मदद से उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. अफ्रीका का क्षेत्रफल की दृष्टि से एक बड़ा देश

B. निर्वाहन संग्रहण का एक प्रमुख क्षेत्र

C. 'पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग' का अन्तिम स्टेशन

D. एक प्रमुख समुद्री-पत्तन

E. एक अन्तर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन

Identify the five geographical features shown on the given political outline map of the **World** (on page 13) as A, B, C, D and E and write their correct names on the lines marked near them with the help of the following information :

A. A large country of Africa in terms of area

B. A major area of subsistence gathering

C. The terminal station of a 'Transcontinental Railway'

D. A major seaport

E. An international airport

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 21 :*

(21.1) अफ्रीका के क्षेत्रफल की दृष्टि से एक बड़े देश का नाम लिखिए ।

(21.2) संसार के किसी एक प्रमुख निर्वाहन संग्रहण क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(21.3) पार-साइबेरियन रेलमार्ग के किसी एक अन्तिम स्टेशन का नाम लिखिए ।

(21.4) उत्तर अमेरिका के किसी एक प्रमुख समुद्री-पत्तन का नाम लिखिए ।

(21.5) दक्षिण अमेरिका के किसी एक अन्तर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन का नाम लिखिए । *5×1=5*

(21.1) Name a large country of Africa in terms of area.

(21.2) Name any one major area of subsistence gathering in the world.

(21.3) Name any one terminal station of Trans-Siberian Railway.

(21.4) Name any one major seaport of North America.

(21.5) Name any one international airport of South America.

**22.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर), में निम्नलिखित लक्षणों को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(22.1) 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(22.2) चावल का अग्रणी उत्पादक राज्य

(22.3) गुजरात में स्थित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

(22.4) ओडिशा में स्थित कोयले की प्रमुख खान

(22.5) तमिल नाडु में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन

Locate and label the following features with appropriate symbols on the given political outline map of **India** (on page 15) :

(22.1) The state having the highest density of population according to Census 2011

(22.2) The leading rice producing state

(22.3) The software technology park located in Gujarat

(22.4) The major coal field located in Odisha

(22.5) An international airport located in Tamil Nadu

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 22 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 22 :*

(22.1) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का कौन-सा राज्य सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला है ?

(22.2) भारत का कौन-सा राज्य चावल का अग्रणी उत्पादक है ?

(22.3) गुजरात में स्थित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क का नाम लिखिए ।

(22.4) ओडिशा में स्थित प्रमुख कोयला क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(22.5) तमिल नाडु में स्थित एक अन्तर्राष्ट्रीय वायु-पत्तन का नाम लिखिए । *5×1=5*


(22.1) Which state of India has the highest density of population according to Census 2011 ?

(22.2) Which state of India is the leading rice producer ?

(22.3) Name the software technology park located in Gujarat.

(22.4) Name the major coal field located in Odisha.

(22.5) Name an international airport located in Tamil Nadu.


B
C
D
E

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

## Outline Map of India (Political)

